(क) जी हॉ।

बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपद जालौन में 03 तथा झांसी में 03 दुर्घटनायें होने की सूचना प्राप्त हूयी है।

(ख) जी हां।

दुर्घटना में घायल गोवंश एवं अन्य बीमार पशुओं की चिकित्सा हेतु बुन्देलखंड में कुल 130 पशुचिकित्सालय तथा 33 मोबाईल वेटनरी यूनिट क्रियाशील है।

(ग) बुन्देलखण्ड में बेसहारा/निराश्रित घायल गोवंश की निःशुल्क चिकित्सा एवं गोशाला स्थापित किए जाने हेतु मात्र एक प्रस्ताव निजी संस्था दया भावना फाउन्डेशन झांसी का प्राप्त हुआ है।

(घ) प्रकरण में सक्षम स्तर के अनुमोदनोपरान्त प्रदेश के गोआश्रय स्थलों तथा पशुपालन विभाग की संस्थाओं की स्थापना एवं विभागीय गतिविधियों के संचालन हेतु ग्राम सभा- बम्हरौली, परगना- मोंठ, तहसील मोंठ, जनपद झांसी में गाटा संख्या 606मि० रकबा 9.777हे० भूमि, जो कृषि विभाग के नाम श्रेणी-1 विभागीय भूमि के रूप में दर्ज है तथा वर्तमान में खाली है, में से 05 एकड़ भूमि, पशुपालन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरण किये जाने का निर्णय लिया गया है तथा तत्क्रम में जिलाधिकारी, झांसी को प्रश्नगत भूमि राजस्व अभिलेखों में पशुपालन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी के स्तर से उक्त भूमि का अंकन राजस्व अभिलेखों में पशुपालन विभाग के नाम होने पर गुण दोष के आधार पर यथोचित अग्रिम निर्णय सक्षम स्तर के अनुमोदनाधीन है।

(ड.) प्रश्न नहीं उठता।

धर्मपाल सिंह

मंत्री,

पशुधन विभाग, उ0प्र0।